Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to develop the path of '84 kosi Parikrama' in Sitapur and Hardoi districts of Uttar Pradesh.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख (उ.प्र.) में नैमिष्यारण्य एक बहुत ही पौराणिक व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है । इस क्षेत्र में दधीच कुंड, पाण्डव किला, हनुमानगढ़ी, सुदर्शन चक्र (चक्र कुंड), मां ललिता देवी मंदिर (शक्ति पीठ) इत्यादि महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं, जो हरदोई व सीतापुर जनपदों के अंतर्गत आते हैं । इन स्थलों पर देश से ही नहीं विदेशों से लाखों की संख्या में वर्ष भर श्रद्धालु आते रहते हैं ।

इन धार्मिक स्थलों के लिए 84 कोसी परिक्रमा का बड़ा महत्व है । जो हरदोई व सीतापुर जनपदों से होकर गुजरती है । इस 84 कोसीय परिक्रमा का पूरा पथ कहीं संकरा है और कहीं जीर्ण-शीर्ण है, जिसमें प्रकाश की पर्याप्त सुविधा नहीं है । इन कठिनाइयों से श्रद्धालुओं को बड़ी असुविधा होती है ।

मैं माननीय पर्यटन मंत्री से अनुरोध करूंगा कि इस पूरे पथ के चौड़ीकरण, विद्युतीकरण, सौंदर्यीकरण इत्यादि के लिए राज्य सरकार से विचार-विमर्श के बाद, केन्द्रीय सहायता से एक योजना बनाए, जिसका समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन हो सके ।